- वर्ष 2015 के आरंभ में भारत की जनसंख्या लगभग 1.3 अरब थी। वर्ष 2050 तक इसके 1.65 अरब तक होने का अनुमान है, तब हम विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएँगे।

जल एवं स्वच्छता

- दो अरब लोग ऐसे देशों में रहते है, जहाँ पानी की बहुत कमी है, वर्ष 2025 तक दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या को पानी की कमी को झेलना पड़ सकता है। इस समय लगभग 80 देशों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। आधी दुनिया की जनसंख्या को स्वच्छता की सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं।
- वर्ष 1911–2014 के दौरान भारत में 50 प्रतिशत झीलें कम हो गई तथा इसी प्रकार अन्य उपयोगों में लाया जाने वाला आर्द्र भूमि क्षेत्र भी समाप्त हो गया। 60,000 से अधिक गाँवों में पीने के पानी का एक भी स्रोत नहीं है। 11 करोड़ ग्रामीण घरों में शौचालय नहीं है।

जैविक विविधता

- विश्व में प्राणियों की ज्ञात प्रजातियों में 30 प्रतिशत उभयचर, 25 प्रतिशत स्तनधारी, 12 प्रतिशत पक्षी, 25 प्रतिशत सरीसृप तथा 21 प्रतिशत मछली प्रजातियाँ हैं। जिन पर लुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। वर्तमान समय में इनके लुप्त होने की दर 100 से 1000 गुना होने का अनुमान लगाया गया है, जिसके अंतर्गत किसी प्राणी की जाति प्राकृतिक रूप से लुप्त हो जाती है।
- भारत में अभिलिखित 10 प्रतिशत से अधिक जंगली पेड़–पौधे और जीव जंतुओं के लुप्त होने का खतरा है और इनमें से बहुत से लुप्त होने की कगार पर हैं।

वन

- वर्ष 2000–2010 के दशक में विश्व में प्रत्येक वर्ष में लगभग 13 मिलियन हेक्टेयर वन समाप्त हुए हैं। उष्णकटिबंधीय वनों का हर वर्ष 70,000 से 170,000 वर्ग किलोमीटर की दर से सफाया हो रहा है। प्रति मिनट (20–50 फुटबॉल मैदान के बराबर)
- वर्ष 2000 से भारत में 94 मिलियन हेक्टेयर प्राकृतिक वन समाप्त हुए हैं।

भूमि

- हर वर्ष मरूस्थलीकरण और मृदा अपकर्षण के कारण 6 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि समाप्त हुई है। इस हानि से विश्व में लगभग 25 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं।
- भारत की लगभग 40 प्रतिशत भूमि अनुर्वर हुई है। हम प्रतिवर्ष 5.3 अरब टन ऊपरी मृदा को खोते जा रहे हैं। वर्ष 2007 से 2014 तक 57,000 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक और गैर–कृषि उपयोग के लिए परिवर्तित कर दिया गया।

अपने खेत को जोत रहा एक किसान
सौजन्यः इंडियापिक्चर/महत्ता मल्टीमीडिया प्रा.लि.

Oxford University Press

© Oxford University Press. All rights reserved.

प्रदूषण

- विश्व में कम से कम एक अरब लोग प्रदूषित वायु में श्वास ले रहे हैं तथा हर वर्ष वायु प्रदूषण के कारण 30 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। अधिकांश विकासशील देशों में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दिशानिर्देशों के अनुसार वायु प्रदूषण का स्तर अभी भी काफ़ी अधिक है।
- WHO ने 2014 में कहा था कि भारत के शहर सबसे अधिक वायु प्रदूषण के स्तर वाले शहरों में शामिल हैं। भारत में दीर्घकालीन श्वास की बीमारियों से होने वाली मृत्यों की दर विश्व में सर्वाधिक है, इसका मुख्य कारण वायु प्रदूषण है।

महासागर और तटवर्ती क्षेत्र

- अधिक मात्रा में मछली पकड़ने और समुद्र के अम्लीकरण के कारण समुद्री जीव-जंतुओं को बहुत खतरा हो रहा है। समुद्र का बहुत बड़ा क्षेत्र जल जंतु विहीन हो गया है। पूरे विश्व में 50 प्रतिशत तटवर्ती मैंग्रोव और प्रवाल, जिनसे व्यापक स्तर पर पारिस्थितिकीय गतिविधियाँ चलती थीं, नष्ट हो गए हैं।
- अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में औद्योगिक अपशिष्टों, घरेलू कचरे, कृषि संबंधी अपवाह, जहाज़ों के आने-जाने और तटवर्ती अन्वेषण के कारण प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ गया है। पिछले 40 वर्षों में भारत में भी 50 प्रतिशत मैंग्रोव वन समाप्त हो गए हैं।

ऊर्जा

- विश्व में 2 अरब से अधिक लोगों की ऊर्जा आपूर्ति उपयुक्त रूप से नहीं हो पाती है। वर्ष 2030 तक भी, अफ्रीका और एशिया में अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 3 अरब लोग खाना बनाने और ऊष्मन के लिए ईंधन की लकड़ियों पर ही निर्भर रहेंगे तथा लगभग एक अरब लोगों को बिजली उपलब्ध नहीं हो सकेगी।
- भारत विशेष रूप से परिवहन क्षेत्र के लिए अपनी तेल की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 80 प्रतिशत से अधिक तेल का आयात करता है।

शहरीकरण

- विश्व की आधी से अधिक जनसंख्या अब शहरों में रहती है, जबकि 1972 में यह संख्या एक तिहाई से थोड़ी-सी अधिक थी। शहरी जनसंख्या के लगभग एक चौथाई लोग गरीबी रेखा से नीचे का जीवन व्यतीत कर रहे हैं।
- भारत के 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में रहने वाली जनसंख्या का 23 प्रतिशत गंदी बस्तियों में रहता है। केवल 33 प्रतिशत शहरी घरों में ही पाइप्ड सीवेज सिस्टम या जल निकासी की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है।

पर्यावरणीय शासन

- कई वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले विचार-विमर्शों में **ग्रीन हाउस गैस** उत्सर्जन को सीमित करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने का कोई समझौता नहीं हो पाया है।
- हालाँकि भारत में पर्यावरणीय संबंधी कानून और विनियम बहुत से हैं किंतु इन पर अमल करने की प्रक्रिया बहुत शिथिल है। इसके अलावा तीव्र आर्थिक विकास में इन नियमों को बाधा के रूप में देखा जाता है तथा सरकार के ऊपर इन्हें प्रभावहीन करने का दबाव बना रहता है।

इसी प्रकार के और अधिक उदाहरण आपको विश्व की पर्यावरण संबंधी नियमित और विशेष रिपोर्टों में मिल सकते हैं (बॉक्स 1.2 तथा 1.3)।

बॉक्स 1.2 ग्रह की स्थितिः *नियमित रिपोर्टें*

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) सामयिक आधार पर पर्यावरण के बारे में एक विस्तृत वैश्विक स्थिति प्रस्तुत करने वाली रिपोर्ट प्रकाशित करता है, जिसे ग्लोबल इन्वाइरन्मन्ट आउटलुक (GEO) कहा जाता है। युवाओं के लिए भी एक विशेष GEO उपलब्ध है (http/www.unep.org/geo/)।
- अमेरिका में वर्ल्डवाच इंस्टीट्यूट, एक स्वतंत्र अनुंसधान संगठन है, जो विश्व की स्थिति के बारे में रिपोर्ट प्रकाशित करता है, जिसमें पूर्व वर्ष से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं की सूची जारी होती है, तथा अद्यतन पर्यावरण संबंधी विषयों पर विवेचन किया जाता है। (www.worldwatch.org)
- WWF इंटरनेशनल हर दूसरे साल लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट छापता है, जिसमें ग्रह के स्वास्थ्य के बारे में विज्ञान-आधारित विश्लेषण होता है। (www.worldwildlife.org, अध्याय 9, बॉक्स 9.1 भी देखें)
- विज्ञान और पर्यावरण केंद्र (CSE), नई दिल्ली, जो एक जनहित वाला अनुसंधान तथा सलाहकार संगठन है, वह भी भारत की पर्यावरण संबंधी वार्षिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट जारी करता है। (www.cseindia.org)
- द इंटरनेशनल यूनियन और कंजर्वेशन ऑफ़ नेचर विश्व की **लुप्तप्राय प्रजातियों** की एक रेड लिस्ट नामक सूची प्रकाशित करता है (www.iucn.org, अध्याय 9, बॉक्स 9.2 भी देखें)

© Oxford University Press. All rights reserved.

बॉक्स 1.3 ग्रह की स्थितिः *कथ्यपरक और विशेष रिपोर्टें के उदाहरण*

- UN की वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट पहले प्रत्येक तीन वर्ष बाद प्रकाशित होती थी और 2015 से वार्षिक रूप से प्रकाशित हो रही है। (www.unwater.org, अध्याय 5, बॉक्स 5.1 भी देखें)
- UN इंटर-गवर्नमेंटल पैनल फॉर क्लाइमेट चेंज (IPCC) से सामयिक मूल्यांकन रिपोर्ट निकलती है। इसकी पांचवीं रिपोर्ट 2014 में जारी हुई थी। (www.ipcc.ch, अध्याय 14 भी देखें)
- वर्ष 2005 की UN मिलेनियम **इकोसिस्टम** ऐसेसमेंट रिपोर्ट (www.millenniumassessment.org, अध्याय 2, बॉक्स 2.2 भी देखें)
- विश्व बांध आयोग की रिपोर्ट वर्ष 2000 में प्रकाशित हुई (www.unep.org/dams/WCD/)।

अब तस्वीर स्पष्ट हैः पूरी दुनिया में पर्यावरण का विकट अपक्षय हो रहा है। इस निराशाजनक स्थिति का क्या कारण है? वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का स्पष्ट मत है कि इस समस्या का वास्तविक कारण मानवीय गतिविधियाँ हैं।

क्या हमें पर्यावरण की अपेक्षा गरीबी, सशस्त्र युद्ध तथा आतंकवाद जैसी समस्याओं के बारे में अधिक चिंता नहीं करनी चाहिए?

यह सत्य है कि विश्व बहुत सी समस्याओं का सामना कर रहा है जैसेः

- युद्ध, स्थानीय संघर्ष और आतंकवाद
- बढ़ती हुई जनसंख्या
- कृषि संबंधी संकट
- व्यापक स्तर पर व्याप्त भुखमरी, गरीबी तथा अत्यधिक असमानता
- पर्यावरणीय परिवर्तनों और विकास संबंधी परियोजनाओं के कारण लोगों का व्यापक स्तर पर विस्थापन
- नई-नई बीमारियों का उभरना
- राजनीति और सरकार में भ्रष्टाचार
- आर्थिक संकट और वित्तीय समस्याएँ

हालाँकि, ये सब समस्याएँ और पर्यावरणीय समस्याएँ एक दूसरे से संबंधित होती हैं। यहाँ इस प्रकार के संबंधों के उदाहरण दिए जा रहे हैंः

- किसी भी प्रकार का युद्ध या संघर्ष, पर्यावरण का हनन करता है, भूमि की खुदाई कर सुरंग स्थापित करके, सिंचाई की प्रणालियों और जल संसाधनों का विनाश करके, पौध रोपण और फ़सलों की कटाई में हस्तक्षेप करके, इत्यादि। तेल और पानी जैसे संसाधनों के अभाव में भविष्य में संभवता होने वाला संघर्ष भी एक वास्तविक खतरा है।
- तेज़ी से बढ़ती हुई जनसंख्या से जल, भूमि तथा जैविक विविधता जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर बहुत ही अधिक दबाव पड़ रहा है।
- पर्यावरण संबंधी हनन से सूखा, फ़सलों का ठीक से न होना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी बढ़ती है। इस से लोग मजबूरी में आजीविका की तलाश में शहरों की ओर पलायन करते हैं और इसी से शहरों में पानी, बिजली, स्वच्छता और इस तरह की अन्य मांगें बढ़ जाती हैं।
- शहरों और उद्योगों के **जहरीले अपशिष्टों** से नई-नई बीमरियाँ उत्पन्न हो रही हैं।
- भ्रष्टाचार के कारण पर्यावरण संबंधी नियमों और विनियमों का उल्लंघन होता है, जिससे बहुत ज़्यादा नुकसान हो जाता है।

क्या यह निश्चित है कि समय आने पर प्रकृति पर्यावरण संबंधी समस्याओं का हल तलाश लेगी?

पृथ्वी का अस्तित्व 5 अरब वर्षों से कायम है, मानवता का अस्तित्व 30 से 50 लाख वर्षों से और मानव सभ्यता 10,000 वर्षों से प्रचलित है। पृथ्वी और इसमें निवास करने वाले प्राणियों ने अनेक प्रकार की समस्याएँ झेली हैं, और कई बार उन्हें बहुत ही विकट परिस्थितियों से गुजराना पड़ा है। यदि हम सदियों पीछे देखें तो प्रकृति ने अनेक बाधाओं को अवशोषित किया है, और हमेशा संतुलित रही है। हज़ारों प्रजातियों के जीव-जंतु कई सालों तक जीवित रहे हैं और इसलिए उनके हमेशा अस्तित्व में रहने की संभावना है। क्या हम पर्यावरण से संबंधी वर्तमान संकट में जीवित रह पाएँगे?

पृथ्वी निश्चित रूप से इस समस्या में भी कायम रहेगी और बहुत से प्राणि भी जीवित रह सकते हैं, किंतु हमारा यह अनुमान लगाने कि मानवता भी हमेशा के लिए अस्तित्व में रहेगी, गलत होगा। इसका कारण यह है कि अब बिल्कुल अलग घटनाएँ घट रही हैं।

Oxford University Press

© Oxford University Press. All rights reserved.

अतीत में प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों की गति बहुत धीमी थी किंतु अब यह बात सही नहीं है। मानवीय गतिविधियों ने प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों की गति को ज़बर्दस्त रूप से तेज़ कर दिया है। अभी जो हो रहा है, उसे एक साधारण गणितीय वक्र अथवा रेखाचित्र से वर्णित किया जा सकता है– समय के साथ एक मात्रा की घातीय वृद्धि। प्रारंभ में यह वक्र अपेक्षाकृत समतल होता है किंतु समय के साथ यह ढलान युक्त नीचे की ओर अग्रसर होने लगता है। (घातीय वृद्धि के विवेचन के लिए बॉक्स 1.4 का अध्ययन करें।)

बॉक्स 1.4 अवधारणा: *घातीय वृद्धि*

मान लिजिए की आप किसी बैंक में ₹1000 का निवेश करते हैं जो आपको 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देता है। आप बैंक से कहते हैं कि ब्याज की रकम को हर वर्ष पुनः निवेश किया जाए जिस पर ब्याज मिलता हो। (हम इसे चक्रवृद्धि ब्याज कहते हैं) पहले साल के अंत में आपके लेखा में ₹1100 हो जाएँगे। दूसरे वर्ष के अंत में आपकी धनराशि ₹1210 (₹1100+110), हो जाएगी। इस प्रकार प्रत्येक वर्ष आपके मूलधन में ब्याज की राशि बढ़ती रहेगी। तो यह बताएँ कि 50 साल के बाद आपके खाते में कुल संचित राशि कितनी हो जाएगी? आगे पढ़े बिना इस धनराशि का अनुमान लगाएँ।

पचास वर्षों में यह धनराशि ₹1,17,000 से अधिक हो जाएगी! यदि आप चक्रवृद्धि ब्याज कि शक्ति को नहीं जानते होते तो निश्चित रूप से आपने इसके मान को वास्तविकता से कम आंका होता। इस प्रकार की वृद्धि को घातीय वृद्धि कहा जाता है।

यदि इस वृद्धि की साधारण ब्याज से तुलना करें तो ₹1000 की जो राशि शुरू में जमा की गई थी, उस पर एक निर्धारित ब्याज की राशि (₹100) प्रतिवर्ष अर्जित होगी और 50 साल के अंत में कुल धनराशि केवल ₹6000 (₹1000 की जमा मूलधनराशि + ₹5000 का ब्याज) ही होगी। आप स्वयं देख सकते हैं कि चक्रविद्ध ब्याज से कितना अंतर आ जाता है। यह घातीय वृद्धि की शक्ति होती है।

गणित उस वृद्धि को घातीय मानता है जो एक स्थिर राशि की बजाय एक स्थिर दर से प्रति समय सीमा में बढ़ती है। यदि आप रेखाचित्र के रूप में घातीय वृद्धि को प्रदर्शित करते हैं तो इसमें होने वाले मोड़ वक्र का आकार J अक्षर जैसा होगा। चित्र 1.1 ₹1000 की निवेश राशि पर 10 प्रतिशत की दर से चक्रवृद्धि ब्याज लगने से होने वाली वृद्धि को दिखाता है। अब आप इसी मान को साधारण ब्याज पर होने वाली वृद्धि के साथ भी तुलना कर सकते हैं।



चित्र 1.1 घातीय वृद्धि प्रदर्शित करता वक्र

प्रकृति की बहुत सी घटनाओं में घातीय वृद्धि प्रदर्शित होती है। उदाहरण के लिए विश्व की जनसंख्या निरंतर रूप से बढ़ती जा रही है। घातीय वृद्धि के प्रत्येक मामले में हम दोहरे समय को समायोजित करके देख सकते हैं। मामूली रूप से यह कहा जा सकता है कि किसी मूल्य को दुगुनी मात्रा में पाने के लिए जितना समय लगता है उसी के आधार पर इसे देखा जा सकता है। आप मात्रा की विकास दर को 70 अंक से विभाजित करके दुगुना समय पता लगा सकते हैं। इस विधि को घातीय वृद्धि की मूल गणना से प्राप्त किया गया है। इस प्रकार विश्व की जनसंख्या लगभग 45 वर्षों में दुगुनी हो जाती है।

इस प्रकार की चार बहुत बड़ी घटनाओं या स्पाइक के होने से पृथ्वी के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। चार मात्राएँ हैं जो घातीय रूप से बढ़ रही हैं:

- मनुष्य की जनसंख्या का आकार (चित्र 1.2)
- विभिन्न सामानों और सेवाओं की उत्पत्ति और उपयोग (चित्र 1.3)
- वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड की सांद्रता (चित्र 1.4)
- प्रतिवर्ष लुप्त होने वाली जैविक प्रजातियाँ (चित्र 1.5)

इसमें उल्लखनीय तथ्य यह है कि प्रत्येक मामले में सदियों से वक्र सकल था जब तक कि वर्तमान समय में स्पाइक शुरू नहीं हुआ। इस मामले को और अधिक खराब करने वाला कारक यह है कि चार स्पाइक आपस में संबद्ध होते हैं, प्रत्येक दूसरे को विस्तृत करता है। अब हम इन चारों घटनाओं को नजदीक से देखते हैं।

क्या पृथ्वी पर बहुत अधिक लोग हैं?

मनुष्य की जनसंख्या में घातीय वृद्धि 1650 से होनी आरंभ हुई थी और अब प्रति 3 दिन में इसके आकार में इतनी वृद्धि होती है जितनी कि पहले पूरी शताब्दी में हुई थी। अब हमें 7.3 अरब लोगों को (और भविष्य में कई और अरब लोगों को) भोजन, पानी, आश्रय, शिक्षा, चिकित्सा संबंधी

Oxford University Press

© Oxford University Press. All rights reserved.

सुविधाएँ इत्यादि उपलब्ध करवानी होती हैं। अन्य 3 स्पाइकों के प्रभाव से यह काम और भी विकट दिखाई देता है। अध्याय 16 में जनसंख्या वृद्धि के बारे में चर्चा की गई है।

क्या हम बहुत अधिक उपभोग कर रहे हैं?

जिन प्राकृतिक संसाधनों का हम प्रतिवर्ष उपयोग करते हैं वे लगभग 1900 से स्पाइक होना शुरू हो चुके थे और स्थिर आर्थिक वृद्धि ने असक्षणीय उपभोग के स्तर को असामान्य स्तर पर पहुँचा दिया। अधिक से अधिक उपयोग करने की दौड़ में हम पृथ्वी के सीमित संसाधनों का उपयोग उनकी प्राकृतिक उत्पत्ति की गति से अधिक कर रहे हैं, जैसे कि ऊपरी मिट्टी, पानी, तेल और वनों।



चित्र 1.2 जनसंख्या वृद्धि



चित्र 1.3 उपभोग वृद्धि



चित्र 1.4 कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में वृद्धि



चित्र 1.5 समाप्त हुई प्रजातियों में वृद्धि

Oxford University Press

© Oxford University Press. All rights reserved.

क्या कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बहुत अधिक हो रहा है?

वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता वर्ष 1800 से सतत् रूप से बढ़नी शुरू हो गई थी और यह क्रम लगातार चल रहा है। इसका मुख्य कारण कोयला और तेल जैसे **जीवाश्म ईंधनों** का जलना होता है। वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का अत्यधिक उत्सर्जन (और अन्य गैसें) होने से पृथ्वी की ऊष्मा विकिरण की क्षमता कम हो गई जिससे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन होने लगा। इस विषय पर हम अध्याय 14 में विचार-विमर्श करेगें।

क्या हम प्राणियों की प्रजातियों को तेज़ी से खो रहे हैं?

प्राकृतिक परिवर्तनों से पृथ्वी पे सामूहिक विलोपन होता आया है किंतु यह विलोपन सैकड़ों वर्षों में होता है। लाखों वर्षों से जीवधारियों के विलोपन की प्रतिवर्ष संख्या बहुत कम होती थी। पिछली 4 सदियों के दौरान एकफसली का प्रचलन होने और उष्णकटिबंधीय वनों के बड़े पैमाने पे समाशोधन होने से पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं की प्रजातियाँ नष्ट हुई हैं। बहुत से जीवविज्ञानियों का यह मानना है कि अब हम पृथ्वी के इतिहास में सबसे तेज़ी से होने वाले सामूहिक विलोपन दर का सामना कर रहे हैं। हम अध्याय 9 और 10 में इन प्रजातियों के नष्ट होने के व्यापक नकारात्मक प्रभाव के बारे में बताएगें।

विगत दो या तीन सदियों में इनकी मात्रा में वृद्धि क्यों होनी चाहिए?

इसका कारण यह है कि मनुष्य और पर्यावरण के संबंध में मौलिक परिवर्तन हुआ है।

मनुष्य और पर्यावरण के संबंधों में परिवर्तन कैसे हुआ?

यह परिवर्तन तब होने लगा है जब 16वीं और 17वीं शताब्दी में यूरोप में वैज्ञानिक और औद्योगिक क्रांति आई। प्रकृति के प्रति मनुष्य के रूख में यह बदलाव **प्रगति के विचार** से आया जो निम्नलिखित तीन धारणाओं पर आधारित हैः

- मनुष्य उच्च प्रजाति है इसलिए वह प्रकृति का दोहन निर्बाध रूप से कर सकता है।
- बेहतर जीवन के लिए हमारी प्रगति प्रमुख और सतत् रहेगी।
- हमारी प्रगति और विकास की अंतहीन पिपासा की पूर्ति के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी से हमें मदद मिलेगी।

उपनिवेशवाद और अन्य तरीकों से प्रगति का विचार विश्व के अधिकांश क्षेत्रों तक पहुँच गया। आज विज्ञान, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक विस्तार के माध्यम से अधिकांश देश वृद्धि और विकास के कायल हो गए हैं।

हम आज प्रकृति का दोहन इतनी तीव्रता से कर रहे हैं कि हम अपने साधनों से परे होकर जीवन यापन करने लगे हैं। हमारा **पारिस्थितिकीय पदचिह्न** हर रोज बढ़ता ही जा रहा है।

पारिस्थितिकीय पदचिह्न क्या है?

मान लीजिये की आप किसी शहर में एक छोटे से घर में रहते हैं। उस घर के चारों तरफ एक छोटा सा बगीचा है और एक दीवार बनी है जो आपकी भूमि को चिन्हित करती है। क्या आप अपने घर में अकेले रह सकते हैं तथा हमेशा के लिए ऐसे ही रह सकते हैं? आप नहीं रह सकते, क्योंकि आपको बाहर से बहुत सी चीजों की ज़रूरत होगी, जैसे भोजन, जल, तथा और भी कई तरह की चीजें। आपके बगीचे से आपको कुछ सब्जियाँ मिल सकती हैं किंतु आपकी ज़रूरत के अनुसार हर चीज मिलना कठिन है। आपकी ज़मीन पर एक कुआँ हो सकता है मगर ज़रूरी नहीं की उसका पानी पीने योग्य हो और आपको पीने के पानी के लिए बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ सकता है।

यदि हम यह प्रश्न पूछते हैं: आपको कितनी बड़ी भूमि की ज़रूरत होगी सिर्फ अपने आपको पूर्ण रूप से जीवित रखने के लिए? वही क्षेत्र आपका '**पारिस्थितिकीय पदचिह्न**' है।

आइए हम एक मानसिक प्रयोग करते हैं। चैन्नई जैसे किसी शहर के भौतिक क्षेत्र को लीजिए और इसे व्यापक रूप से कांच के आवरण से ढक दीजिए। इसमें धूप आने दीजिए मगर हम बाहर से इसमें किसी प्रकार की सामग्री को प्रविष्ट नहीं होने देते अथवा जो अंदर बंद है उसे बाहर नहीं जाने देते। ऐसे में यह शहर कब तक अस्तित्व में रह पायेगा? निश्चय ही बहुत दिनों तक नहीं !

यह शहर सभी लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन उत्पन्न नहीं कर सकता। इसमें पानी की बेहद कमी होगी क्योंकि आस-पास के गाँवों से टैंकर शहर में घुस नहीं सकेंगे। प्रतिदिन जो ढेर सारा ठोस अपशिष्ट बनता है उसे बाहर नहीं भेजा जा सकता और समुद्र में भी नहीं फेंका जा सकता। काँच के आवरण के भीतर जो हवा जमा होगी वह भी जल्दी ही इतनी प्रदूषित हो जाएगी की लोगों का सांस लेना दूभर हो जाएगा। शहर के क्षेत्र की **वहनीय क्षमता** (Carriying Capacity) लोगों की जनसंख्या को जीवित रखने के लिए पर्याप्त नहीं है।

मान लीजिये की हम आस-पास के क्षेत्र को और अधिक इसके अंतर्गत लाने के लिए काँच के आवरण के आकार का विस्तार कर सकते हैं। यह भी माना जा सकता है कि इस क्षेत्र में विविध प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं एक लघु पृथ्वी के समान। अब हम दूसरा प्रश्न पूछ सकते हैं: यदि हम

© Oxford University Press. All rights reserved.

इस शहर को अनिश्चित रूप से भूमि पर सजीव रूप से देखना चाहते हैं तो कितना बड़ा क्षेत्र इसके अंतर्गत होना चाहिए, यदि पानी और ऊर्जा संसाधन इस काँच के आवरण के भीतर उपलब्ध हों? वही क्षेत्र शहर का परिस्थितिकीय पदचिह्न है। अधिकतम शहर अपनी बड़ी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अपने आस-पास के क्षेत्र के एक बड़े हिस्सा का इस्तेमाल करते हैं। किसी भी बड़े शहर का परिस्थितिकीय पदचिह्न उसके वास्तविक क्षेत्र से कहीं ज़्यादा बड़ा होता है। इसी प्रकार हम देश के पारिस्थितिकीय पदचिह्न के बारे में बात कर सकते हैं अथवा, हम अमेरिका के किसी नागरिक के पदचिह्न की किसी भारतीय नागरिक के पदचिह्न के साथ तुलना कर सकते हैं।

हम पारिस्थितिकीय पदचिह्न को प्रयोगकर्ता के वास्तविक क्षेत्र के लिए या क्षेत्र की यूनिटों अथवा उस क्षेत्र के लिए अपेक्षित वास्तविक क्षेत्र के अनुपात के रूप में अभिव्यक्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई शहर अपने अस्तित्व के लिए अपने भौगोलिक फ़ैलाव के तिगुने क्षेत्र की ज़रूरत महसूस करता है तो उसका पारिस्थितिकीय पदचिह्न तीन होगा।

हमारी पर्यावरण संबंधी समस्या पारिस्थितिकीय पदचिह्न के विचार से कैसे संबंद्ध है?

जितना बड़ा पदचिह्न होगा उतना ही व्यापक प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होगा और उतनी ही अधिक पर्यावरण की क्षति होगी। विश्व के अधिकांश शहरों और बहुत से विकसित देशों के शहरों के पदचिह्न एक से अधिक होते हैं।

संपूर्ण रूप से मानवता का पारिस्थितिकीय पदचिह्न क्या होता है?

इसका उत्तर आपको चकित कर सकता है। मानवता का पारिस्थितिकीय पदचिह्न 1.5 से अधिक है। यानि हमें प्राकृतिक संसाधनों के अपने उपयोग को स्थिर रखने के लिए पृथ्वी के क्षेत्र से 50 प्रतिशत अधिक की आवश्यकता है! हमारा पदचिह्न भी तेज़ी से बढ़ता जा रहा है।

ऐसा कैसे संभव हो सकता है? व्यावहारिक समझ हमें बताती है कि हम पृथ्वी के क्षेत्र से अधिक संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते हैं! हमारी पृथ्वी एक ही है। यदि हमारा पदचिह्न 1.5 है तो हम किस तरह से जीवित हैं?

हम इसलिए जीवित हैं क्योंकि हर वर्ष हम पृथ्वी के संसाधनों के अपने वार्षिक हिस्से से अधिक उपयोग कर रहे हैं। लगभग जून तक हम सारे पारिस्थितिकीय संसाधनों का उपयोग कर लेते हैं जिन्हें उत्पन्न करने में पृथ्वी को पूरा वर्ष लगता है। शेष वर्ष हम भविष्य के हिस्से से हड़पकर जीवित रहते हैं।

धरती में जितना पानी प्राकृतिक रिचार्ज से उत्पन्न होता है, हम उससे कहीं अधिक उपयोग कर लेते हैं। इसी प्रकार जल स्रोतों से जितनी मछली पैदा होती हैं, हम उससे अधिक दर से मछली पकड़ने की प्रक्रिया जारी रखते हैं। पेड़ों की कटौती भी हम नए पेड़ उगाए जाने की दर से अपेक्षाकृत अधिक तेज़ी से करते हैं।

जितना 'वार्षिक ब्याज' हमें प्रकृति की ओर से मिलता है, उसके भीतर जीने की बजाय हमने अपनी 'प्राकृतिक पूंजी' को हड़पना शुरू कर दिया है। एक अर्थ में हम उन संसाधनों का प्रयोग कर रहे हैं जो हमारे बच्चों और नाती-पोतों के हिस्से के हैं। हम अपने साधनों से परे जी रहे हैं।

सामान्यत हम संसाधनों का प्रयोग इतनी तेज़ी से कर रहे हैं कि उनकी पुनरोत्पत्ति नहीं हो पाती और अपशिष्ट भी इतनी तेज़ी से बढ़ रहें हैं की वे अवशोषित नहीं हो पाते। इसे पारिस्थितिकीय अतिक्रमण (ecological overshoot) कहा जाता है। हालाँकि ऐसा थोड़े समय के लिए किया जा सकता है, पर अतिक्रमण से अंततः वे संसाधन क्षीण हो जाते हैं जिन पर हमारी सलामती निर्भर करती है।

एक और कारण है जिसकी वजह से मानवता हो रहे पारिस्थितिकीय अतिक्रमण में जीवित रह पा रही है और वो यह कि, इस धरती पर रहने वाले गरीब लोग बहुत कम संसाधनों का उपयोग कर पाते हैं। हम अन्य लोग उनके हिस्से को भी हड़प लेते हैं।

वहनीय क्षमता क्या है तथा पारिस्थितिकीय पदचिह्न से इसका क्या संबंध होता है?

वहनीय क्षमता से तात्पर्य है-किसी निर्धारित भूमि या समुद्री क्षेत्र पर किसी प्राणि प्रजाति की अधिकतम संख्या का निर्भर होना। यह उनके वर्तमान और भविष्य का प्रश्न है। हम बहुत से गैर-मनुष्य प्राणियों की वहनीय क्षमता की गणना कर सकते हैं जिनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से हो जाती है। किंतु मनुष्य से संबंधित वहनीय क्षमता की गणना करना अधिक कठिन होता है क्योंकि मनुष्य का संसाधन उपयोग, जीवन यापन का स्तर और इच्छाएँ (आवश्यकताओं से भिन्न) समय और स्थान की दृष्टि से बदलती रहती हैं। **जीव मंडल** की उत्पादकता तथा नई-नई प्रौद्योगिकियों के प्रभाव का भी आसानी से पूर्वानुमान नहीं किया जा सकता।

दूसरी ओर पारिस्थितिकीय पदचिह्न का संबंध वर्तमान और अतीत के वर्षों से होता है। ग्रह पर कितने लोग आश्रित रह सकते हैं, यह पूछने के बजाय परिस्थितिकीय पदचिह्न से संबंधित प्रश्न होता है कि सभी लोगों के आश्रय के लिए कितने ग्रह आवश्यक थे, जो निर्धारित वर्ष में उस वर्ष के जीवन यापन के स्तर के अनुरूप जैविक उत्पादन और प्रौद्योगिकी की दृष्टि से ग्रह पर रहते थे? यह ऐसा प्रश्न है, जिसका उत्तर उपलब्ध विवरण के विश्लेषण द्वारा दिया जा सकता है।

पर्यावरण संबंधी संकट के लिए विश्व ने क्या किया?

वर्ष 1960 से ही पर्यावरण पर अनियंत्रित आर्थिक विकास का विपरीत प्रभाव स्पष्ट हो रहा था। रैचल कैर्सन की 'साइलेंट स्प्रिंग (1962)' जैसी पुस्तकों से पर्यावरण संबंधी आंदोलन की पृष्ठभूमि स्थापित हुई।

© Oxford University Press. All rights reserved.

वर्ष 1972 में स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र का सम्मेलन आयोजित हुआ था, जो पर्यावरण संबंधी समस्याओं पर विचार-विमर्श हेतु पहली अंतर्राष्ट्रीय पहल थी। 1983 में संयुक्त राष्ट्र ने विश्व पर्यावरण व विकास आयोग (WCED) की स्थापना की, जिसके अध्यक्ष नॉर्वे के ग्रो हर्लेम ब्रुंडलैंड थे। WCED की *आवर कॉमन फ्यूचर* नामक रिपोर्ट में आर्थिक और पारिस्थितिकीय प्रणालियों के समेकन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। इस आयोग ने **सतत् विकास** की अवधारणा का समर्थन किया था।

सतत् विकास से क्या अभिप्राय है?

WCED रिपोर्ट में निम्नलिखित परिभाषा दी गई है:

सतत् विकास उस विकास को कहा जाता है जिसमें अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भावी पीढ़ी की अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की योग्यता से समझौता किए बिना वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है।

इस परिभाषा में स्पष्ट किया गया है कि आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संरक्षण एक साथ चल सकते हैं। यह संभव है या एक कोरा सपना? हम इस पुस्तक के अंत में (अध्याय 19) इस प्रश्न पर लौटेंगे। पर्यावरण संबंधी समस्याओं के विपरीत पहलुओं और संभावित समाधानों पर विचार करने के बाद हम स्थिरता और सतत् विकास की आवधारणा का परीक्षण बेहतर रूप से कर सकेंगे।

स्टॉकहोम बैठक के बाद क्या हुआ?

स्टॉकहोम के बाद जो सबसे बड़ा प्रयास था वह यह था कि पर्यावरण और विकास पर ब्राजील के रिओ डे जनेरो में 1992 में अर्थ सम्मिट के नाम से संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में 100 से अधिक देशों के अध्यक्ष और 30,000 प्रतिभागी सम्मिलित हुए, UNCED ने भी कई दस्तावेज बनाये, जिनमें जो निम्नलिखित भी शामिल हैं:

- पर्यावरण और विकास पर रिओ घोषणा के अंतर्गत सतत् विकास संबंधी 27 सिद्धांतों की सूची तैयार हुई
- 21वीं सदी में सतत् विकास के लिए एजेंडा 21, एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई
- जैविक विविधता संबंधी समझौता

रिओ समझौते का कार्यान्वयन हालाँकि उपयुक्त रूप से नहीं हो पाया। उसके बाद दो अन्य सम्मेलन हुए, पहला 2002 में (जोहानसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में) और दूसरा 2012 में, (पुनः रिओ डे जेनेरिओ में)। इन सम्मेलनों में सामान्य किंतु ठोस, वास्तविक कार्य योजना तैयार हुई है, किंतु ऐसी योजनाएँ अब भी कागज़ों तक ही सीमित हैं।

क्या हम पर्यावरण संबंधी अध्ययनों और संबंधित शब्दावली को परिभाषित कर सकते हैं?

सामान्य रूप से पर्यावरण शब्द का प्रयोग करने के दो तरीके हैं। पहले में, इस शब्द का तात्पर्य है कि अस्तित्व के आस-पास क्या चीज मौजूद है। अस्तित्व कोई भी व्यक्ति, जीवित प्राणी, नागरिक या कोई कम्पनी आदि हो सकता है जिसमें एक निश्चित पर्यावरण मौजूद होता है। हम इस प्रकार गृह पर्यावरण, व्यापार पर्यावरण, राजनीतिक पर्यावरण आदि के बारे में बात करते हैं।

दूसरे तरीके में, हम इस शब्द का प्रयोग प्राकृतिक वातावरण के लिए करते हैं: वायु, जल, मृदा, जीवित प्राणी, पेड़-पौधे, पर्वत, महासागर आदि। ऑक्सफोर्ड एडवांस्ड लर्नर्स शब्दकोश में पर्यावरण 'को प्राकृतिक विश्व के रूप में बताया गया है जहाँ लोग, पशु तथा पेड़-पौधे रहते हैं'। इस पुस्तक में प्राकृतिक वातावरण के बारे में चर्चा की गयी है।

कोई भी अस्तित्व पर्यावरण से संबंध स्थापित करता है, और अपना प्रभाव उस पे डालता है और पर्यावरण से स्वयं प्रभावित होता है, चाहे वह सकारात्मक रूप में हो या नकारात्मक रूप में। उदाहरण के लिए प्राकृतिक पर्यावरण का प्रभाव मनुष्य पर पड़ता है और हम पर भी पर्यावरण पर प्रभाव डालते हैं (जो अक्सर नकारात्मक होता है)।

पारिस्थितिकी वह विज्ञान है जिसमें सजीव प्राणियों और पर्यावरण के बीच के संबंध का अध्ययन किया जाता है। इसे अक्सर जीव-विज्ञान का एक विषय माना जाता है।

पर्यावरण विज्ञान के अंतर्गत पर्यावरण और इसमें हमारी भूमिका का व्यवस्थित रूप से और वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन किया जाता है।

फिर *पर्यावरणीय अध्ययन* क्या होता है, जो इस पुस्तक का विषय है? दो शब्दावलियाँ हैं, पर्यावरणीय अध्ययन और पर्यावरण विज्ञान, जिन्हें अक्सर एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जाता है लेकिन हम इनमें अंतर कर सकते हैं।

पर्यावरणीय अध्ययन को पर्यावरण संबंधित समस्याओं के अध्ययन की एक शाखा के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। इसका क्षेत्र पर्यावरण विज्ञान से व्यापक होता है जिसमें पर्यावरण संबंधी सामाजिक पहलू भी शामिल हैं। यह वहाँ विज्ञान के बारे में बात करता है जहाँ ज़रूरी होता है, लेकिन ऐसे कि गैर वैज्ञानिकों को भी विषय समझ आ जाए है।

Oxford University Press

© Oxford University Press. All rights reserved.

हम यह क्यों कहते हैं कि पर्यावरण संबंधी अध्ययन एक अंतर्विषयी विषय है?

पर्यावरण का विषय स्वाभाविक रूप से अंतर्विषयी होता है। हम इसमें उन जटीले संबंधो का अध्ययन करते हैं जो हमारे प्राकृतिक वातावरण में मनुष्य, पशु-पक्षी, अन्य जीव-जंतु, पानी, मिट्टी, हवा, समुद्र आदि के बीच मौजूद होते हैं। ये पारस्परिक संबंध अनेक प्रकार के होते हैं और बहुत सी अलग-अलग शाखाएँ इनमें निहित होती हैं। हमें विविध विषयों से संदर्भ लेने की आवश्यकता होती है, जैसे जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, मृदा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समुद्र विज्ञान, वायु मंडल संबंधी विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाज शास्त्र, मानविकी और नीतिशास्त्र आदि।

एक साधारण नियम याद रखना है कि इस दुनिया में हर चीज एक दूसरे से संबंधित होती है। हमारी एक-एक गतिविधि का अप्रत्याशित प्रभाव होता है। भारत में गिद्धों के साथ क्या हुआ, इस बात का यह एक उदाहरण है (बॉक्स 1.5)।

बॉक्स 1.5 संबंधः *गिद्ध, गायें, जंगली कुत्ते तथा रैबीज*

गिद्धः विश्व का सबसे कुशल मृत मांस भक्षी
सौजन्यः इंडियापिक्चर/महत्ता मल्टीमीडिया प्रा.लि.

गिद्धों, गायों, जगंली कुत्तों और रैबीज रोग की घटनाओं के बीच कोई संबंध कैसे हो सकता है? यहाँ पर एक उल्लेखनीय कहानी दी जा रही है जो पर्यावरणीय संबंधों पर आधारित है। इस कहानी में एक बहुत बड़ी त्रासदी का, एक रहस्य के सुलझने का और कुछ आशा का समावेश है।

1990 के दशक की शुरूआत में भारत और पाकिस्तान में कम से कम 8 करोड़ गिद्ध होते थे। आसमान में गिद्धों के बड़े-बड़े समूह देखे जा सकते थे। किंतु एक दशक के भीतर गिद्धों की संख्या 97-99 प्रतिशत तक कम हो गयी। यह कैसे हुआ?

वैज्ञानिकों ने जब सैकड़ों मृत पक्षियों का परीक्षण किया तो पाया कि ये गिद्ध गुर्दे खराब होने के कारण मर गए। गुर्दे खराब क्यों हुए? डाइक्लोफेनेक दवा के कारण! गिद्ध उन मरी हुई गायों को खाते थे जिनको डाइक्लोफेनेक दवा दी जाती थी, जो एक सस्ती दर्दनाशक दवा है। मगर गिद्धों के लिए तो डाइक्लोफेनेक की छोटी सी मात्रा भी मौत का कारण हो सकती है।

यह सभी जानते हैं कि गिद्ध विश्व में एक ऐसा पक्षी है जो मरे हुए पशुओं का मांस खाने में सबसे माहिर है, किंतु प्रजनन करने में यह बहुत शिथिल होता है। एक साल में यह मात्र एक अंडा देता है। इस कारण इनकी प्रजनन दर और मरने की दर की गति में बहुत अंतर आ गया।

अब इस कहानी में अप्रत्याशित संबंध का खुलासा करते हैंः जब गिद्धों की संख्या कम हो गयी तो कुत्ते मरी हुई गायों को खाने लगे और उनकी जनसंख्या में भी अत्यंत तेज़ी से बढ़ोतरी होने लगी। गायों से उनमें रैबीज का आक्रमण भी होता रहा और धीरे-धीरे वह अन्य कुत्तों में भी फैलने लगा। रैबीज वाले कुत्ते गाँवों के लोगो को काटने लगे जिससे विश्व में मानवीय रैबीज की दर भारत में सबसे अधिक हो गई, और एक साल में इसके फलस्वरूप लगभग 35000 मौतें हो गयी। (गिद्ध का आमाशयी अम्ल काफ़ी प्रबल होता है और इनके शरीर का तापमान भी अधिक होता है जिस कारण ये रैबीज के विशाणुओं यानि रोगजनकों को नष्ट करने की क्षमता रखते हैं।)

जंगली कुत्तों की बढ़ती संख्या तेंदुओं के लिए बहुत ही आसान शिकार थी, उनके शिकार के लिए वे गाँवों में घुसने लगे। इसके परिणामस्वरूप तेंदुओं की संख्या भी तेज़ी से बढ़ने लगी। मनुष्य और तेंदुओं की मुठभेड़ अक्सर होने लगी जिसमें बहुत से लोग मारे जाने लगे।

दूसरी तरफ की कहानीः पारसी लोग अपने मृतकों के शरीरों को गिद्धों के खाने के लिए छोड़ देते हैं, किंतु अब इस कार्य को करने के लिए थोड़े से ही गिद्ध बचे हुए हैं।

अब यह कहानी इस आशा के साथ समाप्त होती हैः 2006 में भारत, पाकिस्तान और नेपाल ने पशुओं के लिए डाइक्लोफेनेक के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसी दौरान गिद्ध संरक्षण केंद्र भी स्थापित किए गए जिसके परिणामस्वरूप 2007 से 2011 के दौरान भारत में गिद्धों की संख्या में कमी नहीं आई और अब इनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ भी रही है।

आपको पर्यावरण अध्ययन को एक विषय के रूप में क्यों पढ़ना चाहिए?

- बेतहाशा पर्यावरण संबंधी क्षति होने के कारण आप शीघ्र ही बहुत ही अलग और कठिन दुनिया में रहने लगेगें। आपको इस संकट की प्रकृति और गंभीरता को समझना होगा और यह भी समझना आवश्यक है कि इसमें आपकी क्या भूमिका होगी।
- आपको सीमित सोच से व्यवस्थित सोच की ओर बढ़ना चाहिए जिसमें सभी तरह के संबंधों और विश्व में प्राकृतिक चक्रों को पहचानने की क्षमता हो।
- अंततः आपको इस संकट के प्रभाव को कम करने हेतु अपने प्रयास करने चाहिए और युक्तियाँ तलाशनी चाहिए, जिससे इस ग्रह और मानवता को बचाने के लिए विश्व व्यापी अभियान में आप शामिल होकर कार्य कर सकें।

© Oxford University Press. All rights reserved.

क्या भविष्य के लिए कोई आशा है?

उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक में पर्यावरण संबंधी संकट के विवेचन के साथ है, आशा से भरी अनेक कहानियाँ भी सम्मिलित की गयी हैं जिनमें विभिन्न व्यक्तियों, स्वयंसेवी समूहों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों तथा सरकारों द्वारा किए गए सफल प्रयासों का उल्लेख किया गया हैं।

हालाँकि इधर-उधर होने वाले सकारात्मक कार्यकलाप ही इसके लिए पर्याप्त नहीं हैं अपितु हमें इस दिशा में और आगे बढ़ना है। हमें सतत् विकास के माध्यम से इस ग्रह और मानव प्रजाति को बचाने के लिए व्यक्तिगत रूप से और सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा।

अंत में यही कहा जा सकता है कि यह व्यक्ति की सोच को बदलने का प्रश्न है तथा प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग में बड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। यदि ऐसा होता है कि बहुत सारे लोग आगे आएँ तो हम इन संसाधनों को उपयुक्त और सही दिशा में व्यवस्थित कर सकते हैं, क्योंकि अभी भी समय है। हम इस प्रश्न पर पुस्तक के अंतिम अध्याय में चर्चा करेंगे।

समीक्षा: मुख्य मुद्दों का सारांश

- पर्यावरण संबंधी संकेतक यह दर्शाते हैं कि पूरी दुनिया एक वैश्विक संकट का सामना कर रही है।
- जलवायु परिवर्तन इस सदी की ज्वलंत समस्या है। इतनी बड़ी चुनौती को पहले कभी नहीं झेला गया है।
- इस संकट का कारण हम स्वयं हैं। हम प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग बहुत ही अधिक मात्रा में कर रहे हैं और प्रकृति को हम उन संसाधनों को पुनः उत्पन्न करने का अवसर नहीं देते हैं।
- हम दुनिया को इतना प्रदूषित कर रहे हैं कि प्रकृति उसके अपशिष्टों को अवशोषित नहीं कर पाती।
- हमारे जीवनयापन के इस अव्यवस्थित तरीके से कोई महाविपत्ति भी आ सकती है।
- पर्यावरण संबंधी संकट का मूल प्रकृति के ऊपर हमारे प्रभुत्व और उसके दोहन के नजरिये में है जो प्रगति के विचार पर आधारित है।
- विगत लगभग 200 वर्षों से जनसंख्या और उपभोग बेतहाशा बढ़ रहे हैं और यही कारण है कि हमें इस संकट से गुजरना पड़ रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।
- पारिस्थितिकीय पदचिह्न की अवधारणा में किसी प्रयोगकर्त्ता-कोई व्यक्ति, शहर, देश आदि की जीवन शैली को व्यस्थित बनाने हेतु कितनी मात्रा में भूमि की आवश्यकता होती है, इसे व्यक्त किया गया है।
- मनुष्य का पारिस्थितिकीय पदचिह्न 1.5 से अधिक हो गया है। यानी हमें प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को व्यवस्थित करने के लिए पृथ्वी क्षेत्र के 50 प्रतिशत से अधिक हिस्से की आवश्यकता है।
- पर्यावरण और विकास संबंधी समस्याओं पर कई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुए हैं किंतु इनमें हुए समझौतों का कार्यान्वयन बहुत खराब रहा है।
- पर्यावरण से संबंधी कोई भी अध्ययन अंतर्विषयी अध्ययन होता है।
- यदि हम किसी अभियान से जुड़ते हैं तथा अपने जीवनयापन के तरीके में बदलाव लाते हैं तो अभी भी हम मानवता को नष्ट होने से बचा सकते हैं।

Oxford University Press

अभ्यास

वस्तुपरक प्रश्न

नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

1. जल व स्वच्छता की स्थिति के बारे में कौन-सा कथन सर्वोत्तम है?
   (अ) भारत के लगभग 10,000 गाँवों में पीने के पानी का एक भी स्रोत उपलब्ध नहीं है।
   (ब) विश्व की 50 प्रतिशत जनसंख्या के पास स्वच्छता संबंधी सुविधाओं का अभाव है।
   (स) इस समय विश्व की 65 प्रतिशत जनसंख्या पानी की समस्या से जूझ रही है।
   (द) 1.3 अरब भारतीयों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पाता है।

2. निम्नलिखित कथन में से कौन-सा सही है?
   (अ) हम जो अपशिष्ट और प्रदूषण उत्पन्न करते हैं, प्रकृति उसे अवशोषित कर सकती है।
   (ब) यदि हम अपने जीवनयापन के वर्तमान तरीकों को जारी रखेंगे तो, आने वाले समय में प्रकृति उन समस्याओं का ध्यान रखेगी जिन्हें हम उत्पन्न करते हैं।
   (स) हमारा वर्तमान उपभोग स्तर उपयुक्त नहीं है।
   (द) प्राकृतिक संसाधनों की कोई सीमा नहीं है।

3. माना कि कोई मात्रा निर्बाध रूप से बढ़ती है और हम समय के हिसाब से उस मात्रा का रेखाचित्र बनाते हैं। आप इस वक्रता को सर्वोत्तम रूप से कैसे वर्णित करेंगे।
   (अ) इसकी वृद्धि प्रत्यक्ष रूप से समय के अनुपात में होती है।

© Oxford University Press. All rights reserved.

(ब) यह समतल वक्रता है।
(स) वक्रता घटती बढ़ती रहती है।
(द) निश्चित समयावधि में मान दुगुना हो जाता है तथा वक्रता हर समय नीचे की ओर चली जाती है।

4. मनुष्य का पारिस्थितिकीय पदचिह्नः
(अ) पृथ्वी के क्षेत्रफल से पहले ही अधिक बढ़ गया है।
(ब) पृथ्वी के क्षेत्रफल से अधिक नहीं बढ़ सकता।
(स) अब पृथ्वी के क्षेत्रफल से दुगुने के बराबर है।
(द) निश्चित समयावधि में मान दुगुना हो जाता है तथा वक्र हर समय नीचे की ओर चला जाता है।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मेलन पर्यावरण पर आधारित नहीं है?
(अ) 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन।
(ब) रिओ डे जनेरिओ में 1992 में आयोजित पर्यावरण और विकास संबंधी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन।
(स) जोहानसबर्ग में 2002 में आयोजित रिओ +10 विश्व सम्मेलन।
(द) सोचि, रूस में 2014 में जी-8 देशों का सम्मेलन।

6. इस सदी की सबसे प्रमुख पर्यावरण संबंधी समस्या क्या है?
(अ) पानी की कमी
(ब) जलवायु परिवर्तन
(स) जनसंख्या वृद्धि
(द) पेट्रोलियम का अभाव

लघु-उत्तर वाले प्रश्न

1. पर्यावरण संबंधी संकट के दो मुख्य कारण कौन-से हैं?
2. पारिस्थितिकीय पदचिह्न की अवधारणा को उदाहरण सहित स्पष्ट करें?
3. पर्यावरण और विकास संबंधी प्रमुख राष्ट्रीय सम्मेलनों की सूची बनाएँ?
4. 'सतत् विकास' की परिभाषा क्या है?

दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न

1. वर्तमान पर्यावरण संबंधी समस्या के मूल कारण को चार स्पाइकों द्वारा स्पष्ट करें?
2. घातीय वृद्धि का गैर-गणितीय स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें तथा इसकी रेखीय वृद्धि के साथ तुलना करें। एक या अधिक उदाहरण दें।
3. मानवीय पारीस्थितिकीय पदचिह्न पृथ्वी के क्षेत्रफल से 50 प्रतिशत अधिक है फिर हमारा सामान्य कार्य कैसे चल रहा है?
4. हम यह क्यों कहते हैं कि पर्यावरण संबंधी कोई अध्ययन अंतर्विषयी होता है?
5. इस अध्याय में दी गई सूची के अनुसार प्रत्येक पर्यावरणीय संकेतक की वर्तमान स्थिति पता करें। क्या किसी संकेतक में बेहतरी के लिए परिवर्तन हुआ है?

गंभीरता से सोचें: विचार-विमर्श हेतु गहन प्रश्न

1. एक विचार है कि प्रकृति संबंधी हमारी सभी समस्याएँ और प्रभुत्व लगभग 10,000 वर्षों पहले तब हुआ था जब हमने कृषि संबंधी क्रियाओं की शुरूआत की थी। इस दृष्टिकोण को देखें तथा इसके पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क दें।
2. आपकी दृष्टि में, दो विषयों, पर्यावरणीय विज्ञान और पर्यावरणीय अध्ययन, जिन्हें स्नातक कक्षाओं में पढ़ाया जाता है, के अंतर्गत क्या भेद होने चाहिएँ।
3. बहुत सी पर्यावरण संबंधी समस्याएँ इतनी कठिन क्यों होती हैं इनका समाधान निकालना भी कठिन होता है?

कार्यकलाप

कार्यः पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए आप क्या कर सकते हैं

पर्यावरण को बचाने में सहायता हेतु जिन व्यावहारिक तरीकों को अपनाया जाता है उन्हें आगामी अध्यायों में दिया गया है। शुरूआत करने के लिए आप निम्नलिखित तरीके अपना सकते हैंः

1. आप यह संकल्प लीजिए कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रत्येक दिन आप एक छोटा कार्य अवश्य करेंगे। इस पुस्तक में दिए गए सुझावों के अनुसार कार्य करें।
2. किसी स्थानीय पर्यावरण समूह अथवा स्वयंसेवी संगठन में सम्मिलित हो जाइए और स्थानीय स्तर पर उनके साथ मिलकर कार्य करें।
3. किसी भी स्रोत से आप कुछ भी उपयोग में लाते हैं तो उसका परीक्षण करें और इससे अपने पारिस्थितिकीय पदचिह्न को कम करने की कोशिश करें। क्या आप अपने घर के पीछे खाली भूमि पर या बगीचे में कोई सब्जी या फल उगा सकते हैं? जो वर्षा का पानी आपकी छत पर गिरता है, उसे आप संचित कर सकते हैं।

मिलकर आयोजित करें: इको-क्लब संबंधी गतिविधियाँ और परियोजनाएँ।

यह नए समिस्टर अथवा शैक्षणिक वर्ष का शुभारंभ है। अपने कॉलेज में एक इको-क्लब स्थापित करके एक अच्छी शुरूआत करें। इसके उद्देश्य और संभावित गतिविधियों के बारे में लिखें। किसी को सचिव बनाइए और एक छोटी सी समिति गठित कीजिए। आगे के अध्यायों में इको-क्लब गतिविधियों से संबंधित सुझाव दिए गए हैं।

आप संयुक्त राष्ट्र के युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम से विचार ले सकते हैं, इस क्लब का नाम टीयूएनजेडए है। इसके लिए वेबसाइट देखेंः www.unep.org/tunza/youth.

करें और सीखें: विषय अध्ययन/परियोजना

अपने पड़ोस, अपने नगर अथवा अपने पैतृक गाँव का अध्ययन करें और देखें कि उस स्थान पर किस प्रकार की पर्यावरण संबंधी समस्याएँ हैं जिन्हें लोग झेल रहे हैं? प्रत्येक मामले में विवादास्पद हित क्या-क्या हैं?

Oxford University Press

© Oxford University Press. All rights reserved.